दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः-65
मुरादाबाद
25 June 2024
(Tuesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी बोले- 25 जून को लोकतंत्र पर काला धब्बा लगा था, अब कोई ऐसा नहीं कर सकेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा चुनाव बहुत ही शानदार तरीके से, बहुत ही गौरवमय तरीके से संपन्न होना, ये हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। करीब 65 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। ये चुनाव इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हो गया, क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी।

उन्होंने संसद भवन परिसर में कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव मय है, यह वैभव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नए संसद में यह शपथ हो रहा है, अब तक ये प्रक्रिया पुराने संसद में होती थी। आज के इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत करता हूं सबका अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं।प्रधानमंत्री ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल 25 जून है। 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था। उन्होंने कहा कि अपने संविधान, भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में दोबारा कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके, जो 50 साल पहले किया गया था। हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे। हम भारत के संविधान के निर्देशों के अनुसार सामान्य मानवी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेंगे। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य- पीएम मोदी ने कहा कि संसद का ये गठन भारत के सामान्य मानवी के संकल्पों की पूर्ति का है। नए उमंग, नए उत्साह के साथ नई गति, नई ऊंचाई प्राप्त करने का ये अवसर है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर आज 18वीं लोकसभा का प्रारंभ हो रहा है। विश्व का सबसे बड़ा चुनाव बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा चुनाव बहुत ही शानदार तरीके से, बहुत ही गौरवमय तरीके से संपन्न होना, ये हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। करीब 65 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। ये चुनाव इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हो गया, क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है। देश चलाने के लिए सर्वसम्मति सबसे महत्वपूर्ण- प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने हमेशा एक परंपरा का पालन करने का प्रयास किया है। हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हम मां भारती की सेवा करें और 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं को सबकी सहमति से और सबको साथ लेकर पूरा करें। हम संविधान की पवित्रता को बनाए रखते हुए, सबको साथ लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं और फैसले लेने में तेजी लाना चाहते हैं।विपक्ष को दिया संदेश- उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों को विपक्ष से अच्छे कदमों की उम्मीद है,



लेकिन अब तक यह निराशाजनक रहा है। उम्मीद है कि वह अपनी भूमिका निभाएगा और लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है और लोग नारे नहीं, बल्कि सार्थकता चाहते हैं। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वे संसद में चर्चा और परिश्रम चाहते हैं, व्यवधान नहीं। युवा सांसदों और गीता का जिक्र किया 18वीं लोकसभा में युवा सांसदों की अच्छी खासी संख्या का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत से परिचित लोगों को पता है कि हमारे यहां 18 अंक का बहुत सात्विक मूल्य है। उन्होंने गीता के 18 अध्याय, पुराणों और उप-पुराणों की संख्या भी 18 होने का जिक्र किया और कहा कि इसका मूलांक नौ है और नौ पूर्णता की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि नौ पूर्णता का प्रतीक अंक है। 18 वर्ष की आयु में हमारे यहां मताधिकार मिलता है। 18वीं लोकसभा भारत के अमृतकाल की, इस लोकसभा का गठन, वो भी एक शुभ संकेत है। सत्र तीन जुलाई तक प्रस्तावित- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो गया। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र गुरुवार से शुरू होगा। संसद का यह सत्र तीन जुलाई तक प्रस्तावित है।

## संक्षिप्त समाचार



### लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ लेने पर सीएम योगी ने पीएम मोदी को दी बधाई

लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ लेने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है और कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना साकार हो रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ ली। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सीएम योगी ने लिखकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि लोकसभा सदस्य के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेने की आपको हार्दिक बधाई! आपके यशस्वी नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना साकार हो रही है। निःसंदेह, यह तीसरा कार्यकाल 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा।बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ही अनवरत तीसरी बार सांसद चुने गए हैं।

## शाहजहांपुर को सीएम योगी का तोहफा, सुनियोजित विकास के लिए गठित होगा शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि खाली पड़े अथवा अधूरे सरकारी निर्माण कार्यों को चिन्हित कर पूरा कराएं और उन्हें उपयोगी बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में होटल इंडस्ट्री के विकास लिए अनुकूल अवसर है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता जताई है। सोमवार को आवास विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालिया वर्षों में शाहजहांपुर व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की यहां एक ओर जहां हुआ है, वहीं, आबादी में वर्तमान सरकार के पहले शाहजहांपुर को नगर निगम से ही विनियमित क्षेत्र है। मास्टर प्लान-2031 भी और अब आवश्यकता है प्राधिकरण का गठन किया



आसपास के क्षेत्र में अनेक परियोजनाओं से औद्योगिक विकास तेज भी बढ़ोतरी देखी गई है। कार्यकाल में ही बनाया गया है। यहां पूर्व हाल ही में यहां का तैयार कराया गया है कि शाहजहांपुर विकास जाए।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण के गठन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि प्राधिकरण के अंतर्गत आ रहे गांवों में आबादी की भूमि को ग्रीन लैंड कतई न घोषित किया जाए। आम आदमी को किसी प्रकार की समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक सरकारी भवन या तो उपयोग में नहीं हैं अथवा निर्माण कार्य अधूरा है। इन्हें चिन्हित कर पूरा करायें और सदुपयोग किया जाए साथ ही कहा कि पीएम जनविकास कार्यक्रम के कार्यों में तेजी लाई जाए। होटल इंडस्ट्री के विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के टूरिज्म पोटेंशियल को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। देश से सबसे ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश में आते हैं। इन सकारात्मक परिस्थितियों ने होटल इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाओं को जन्म दिया है। बड़ी संख्या में होटलों की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा है। होटल इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए हमें अपने बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। आवासीय क्षेत्र में 06 कमरों से 20 कमरों तक के होटल निर्माण के लिए न्यूनतम भूमि और होटल तक पहुंच मार्ग की चौड़ाई की न्यूनतम सीमा में बदलाव किया जाना चाहिए। साथ ही, पार्किंग, सिक्योरिटी और फायर सेफ्टी जैसे अति महत्वपूर्ण विषयों में मानक का सख्ती से अनुपालन कराया जाए।

## संसद सत्र के पहले दिन पीएम मोदी पर राहुल-खरगे का हमला, कहा- संविधान पर आक्रमण मंजूर नहीं



18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव और तीसरी बार चुने जाने पर जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने आपालकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। कांग्रेस ने इस पर पलटवार किया।लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन पर कांग्रेस पर निशाना साधा। वहीं कांग्रेस की तरफ से पीएम मोदी पर पलटवार किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। वहीं मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि , संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की। जबकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पीएम के पास बोलने के लिए कुछ भी नया नहीं था और हमेशा की तरह उन्होंने अपने संबोधन मुद्दों को भटकाने का प्रयास किया है। संविधान पर आक्रमण स्वीकार्य नहीं- राहुल- रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है और वो हम नहीं होने देंगे इसलिए हमने शपथ लेते समय संविधान पकड़ा था...हिंदुस्तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती...卐मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की- खरगे वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की। इसलिए आज हम यहां एकत्रित होकर उसका विरोध कर रहे हैं। यहां पर गांधी जी की प्रतिमा थी और हम यहीं पर विरोध कर रहे हैं... हर लोकतांत्रिक नियमों को तोड़ा जा रहा है इसलिए हम बता रहे हैं कि मोदी जी आज संविधान के तहत चलिए... लोकसभा चुनाव में उनकी करारी हार- जयराम- कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आगे कहा कि शायद प्रधानमंत्री को देखकर ऐसा लगा कि वो जनता के फैसले का सही मतलब समझ नहीं सके हैं। उन्होंने कहा कि गैर-जैविक प्रधानमंत्री को लोकसभा चुनावों में व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक रूप से करारी हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने संसद के बाहर अपना हमेशा की तरह देश के नाम संदेश दिया है, जबकि 18वीं लोकसभा अपना कार्यकाल शुरू करने की तैयारी कर रही है। हमेशा की तरह मुद्दों को भटकाने की कोशिश की- कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया ङ्ग पर अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने कुछ भी नया नहीं कहा और हमेशा की तरह मुद्दों को भटकाने की कोशिश की। उन्होंने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि वे जनता के फैसले का सही मतलब समझते हैं, जिसके कारण उन्हें वाराणसी में केवल एक मामूली जीत मिली। जयराम रमेश ने ये भी कहा, प्रधानमंत्री किसी भी संदेह में न रहे, इंडिया का जनबंधन उन्हें हर मिनट के लिए जवाबदेह ठहराएगा। वे पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। संसद सत्र की शुरुआत से पहले पीएम का संबोधन- 18वीं लोकसभा की शुरुआत से पहले अपने पारंपरिक भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है। क्योंकि लोग नारे नहीं, बल्कि सार्थकता चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग संसद में चर्चा, कर्मठता चाहते हैं न कि व्यवधान चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि लोग विपक्ष से अच्छे कदमों की उम्मीद करते हैं, लेकिन अब तक यह निराशाजनक रहा है और उम्मीद जताई कि यह अपनी भूमिका निभाएगा और लोकतंत्र की मर्यादा को बनाए रखेगा। इस दौरान उन्होंने ये भी याद दिलाया कि आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ 25 जून को है, पीएम इसे भारत के लोकतंत्र पर एक काला धब्बा कहा।

## सुप्रीम कोर्ट का केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार, अगली सुनवाई 26 जून को

निचली अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने बीते शुक्रवार को इस पर अंतरिम रोक लगा दी। आम आदमी पार्टी ( आप ) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने गिरफ्तार किया था।सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में निचली अदालत की ओर से उन्हें दी गई जमानत पर रोक लगाने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को अपना आदेश देने दीजिए। हम आपको 26 जून को सुनेंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक हटाने का अनुरोध किया। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने केजरीवाल की याचिका का विरोध किया और कहा कि हाईकोर्ट उनकी रोक याचिका पर फैसला सुनाने वाला है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अभिषेक सिंघवी से कहा कि अगर वह हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के खिलाफ सीएम केजरीवाल की याचिका पर कोई आदेश पारित करता है, तो यह मामले को लेकर पूर्वाग्रह होगा। बता दें कि आम आदमी पार्टी ( आप ) के राष्ट्रीय संयोजक को प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वे पिछले शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते थे, लेकिन हाईकोर्ट ने संघीय जांच एजेंसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी जमानत पर स्टे दे दिया। क्या है मामला?- दरअसल, निचली अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने बीते शुक्रवार को इस पर अंतरिम रोक लगा दी। कहा था। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख तय की है।

## संपादकीय Editorial

### Blood stains in the court

Those who are under the illusion that Himachal is a paradise for innocent people should look at the blood stains in Bilaspur court. There was law and Himachal was also under the guard of law and order, but in a moment the bullets pierced everything. These bullets were not meant to pierce through a person's chest, but were heavier than the evidence in the helplessness of the blind law in front of the law. The target aimed at a person from Ghumarwin who had come to appear outside the court is not the first one, now goons have started roaming in the courts of BBN in this manner. How difficult is the shelter and ladder of law that the court premises of Bilaspur has become the examination room of law and order. Who called a shooter from Ludhiana and the witness who came to appear in the court became the target, there are many bargains and many deadly drafts for this. The irony is that the ignorance of legal guards in Himachal is now coming to the court and identifying the underworld. Himachal's report card is now being destroyed by crime headlines, where the dissection of society, government and system becomes natural. In Himachal, the crime rate per one lakh people increased by 177.8 percent by 2022 as compared to 2021 and the events proving this are appearing before the court. The arrangements and priorities of the state and society are doing wonders in their respective growth rates, but no one realizes what is our accountability towards the state. The way of functioning of the governments is now to benefit the society and keep it away from reality, so the government machinery and system are busy so that the wounds heal with some kind of charming sentiments and figurative language. We will consider the crime in Bilaspur as an event and let it go. From there we will pick some bones of law and order and immerse them with time. If we take the tourist season itself, then under its commercial objectives a big mafia system is spoiling the image of the state. Under every coin of progress, Himachal has made its law and order weak. In Indora, masked men attack a businessman with weapons, and in Chaupal, eleven girl students are molested. If you are capable and have the power in politics, then the law and order bow down to you. The same is the condition of the public which becomes civilized and polite in following the traffic rules after reaching Chandigarh, but on returning to the roads of the state, it wreaks havoc. If a gold ring disappears from the house of even the SP, then whom should we pity? Incidents are coming to our notice and giving us warnings, but we do not consider them a challenge. Former Chief Minister Virbhadra Singh had once said that the mafia is getting organized in Himachal, now it is also being proved. Without knowing who is hiding under the blanket of tourism or who is looting the banks of the flowing river, we have the illusion that everything is going well. We have increased the police posts and police stations and now the police districts have also increased, but has the state become safe? Has the police guards on the border areas stopped drug smuggling? If we conduct a survey, we will come to know that how many houses are crying because a child has been ruined by drug addiction. While trying to appear calm and composed on the surface, we are unable to see that someone has become a head by sifting sand and by using his influence. If the Bilaspur incident attacks the Himachali society tomorrow, what will be our security? If someone plays a bloody game right in front of the justice system, what will be our defense? In a state where educated unemployed people are looking for support in the void of ideas, if someone entraps a criminal idea there, then where will we go as citizens? This incident is alerting us to think deeply.

# 18th Lok Sabha: What will be the relationship between the ruling party and the opposition? It is necessary to bring forward the agenda of jobs

The 2024 Lok Sabha elections have once again given the ruling party and the opposition a chance to keep the glorious traditions of Parliament alive. It will be interesting to see what kind of relationship the BJP with a small majority forms with this new opposition. The result of the eighteenth Lok Sabha has created a strong opposition, which was almost non-existent in the 16th and 17th Lok Sabha. In the last two Lok Sabha elections held in 2014 and 2019, the Congress was the main opposition party with 44 and 52 seats, but it could not even win the post of Leader of the Opposition. All other parties except the BJP had very few seats. The voice of the opposition was suppressed in front of the voice of the BJP and its pre-poll allies and undeclared allies (YSRCP and BJD). The Bharatiya Janata Party did not feel the need to consider how the traditions of Parliament can be maintained even after being reduced in numbers. Opposition parties have repeatedly complained that the traditions of Parliament were not followed. Many impartial observers also believed that both the Houses became cold. The 2024 Lok Sabha elections have once again given both the ruling party and the opposition an opportunity to keep the glorious traditions of Parliament alive. This is the form and essence of democracy. This time the opposition stands strong with more than two hundred and twenty-five seats. Notable promises - The opposition can start with the Congress' 2024 manifesto 'Nyaya Patra', which included the following promises: We promise that both the Houses of Parliament will function for 100 days a year and the ancient traditions of Parliament will be followed with the same sincerity. We promise that one day in a week will be dedicated to debate on the agenda suggested by the opposition benches. We promise that the presiding officers of both the Houses, irrespective of the political party they belong to, will have to break their ties with political parties, they will have to remain neutral and accept the age-old tradition of Parliament that 'the speaker should not speak'. India Block will continue to fight strongly to adopt and fulfill this. The BJP cannot have any valid objection to the 100-day meeting, one-day debate on the opposition agenda in a week and the matter of an impartial presiding officer. Stop defection – Like Narendra Modi, the BJP must have now overcome the 240-seat mark. Though the BJP's target was 370 and the NDA's was more than 400. They tried to celebrate, but the number of seats did not allow them to do so. The tag of 'low numbers' will continue to haunt the BJP leadership and it will try its best to overcome it. Those it can win over include YSRCP-4, AAP-3, RLD- 2, JDS-2, AGP- 1, AJSU-1, HAM-1 and SKM-1. Even the JDU with its 12 seats is not safe. Some of these parties were already part of the NDA, but the BJP will not stop here. Remember what happened with the Shiv Sena. The 10th Schedule of the Constitution has many loopholes that can make MPs of smaller parties leave or disappear. The Congress' 2024 manifesto had a formula that could derail the BJP's plan: We promise to amend the 10th Schedule of the Constitution and make defection (moving to a party other than the original party from which an MLA or MP was elected) an automatic disqualification for membership of the Assembly or Parliament. Bring forward the jobs agenda - The BJP is very weak in terms of managing the economy. However, there can be no quarrel on the issue of infrastructure development. All economic policies should be aimed at achieving the twin goals of creating thousands of jobs and keeping inflation under control. The BJP-NDA failed on two occasions, for which it had to pay the price in the Lok Sabha elections. Whether the BJP leadership will change its strategy will be known only in the President's speech and the budget. While the Congress and India Bloc should pursue the following jobs agenda made in their 2024 manifesto. Their manifesto says: We are opposed to monopolies, oligopolies and crony capitalism. We will ensure that no company or individual gets a cut of financial or material resources or business opportunities for itself, all entrepreneurs should have equal opportunities. Our policy priority will be in favour of business enterprises that create a large number of jobs. We will fill about 30 lakh vacancies of sanctioned posts at various levels in the central government. Additional recruitment in regular quality jobs, availing tax credits and a new employment-linked incentive (ELI) scheme for corporates will be created. We will launch an urban employment guarantee scheme to rebuild and renovate urban infrastructure. Employment will be provided to youth with low education and low skills by launching a water body revival programme and a wasteland revival programme, which will be implemented through gram panchayats and municipalities. Opposition parties should set a narrative keeping in mind the opportunities. It will be interesting to see what kind of relationship the smaller BJP forms with this new opposition.



# T-20 World Cup: Salute to the spirit of Afghan cricketers, avenged defeat from Australia after 8 months

The way Afghanistan players are performing miracles one after another in world cricket, the day is not far when this team will secure its place among the best teams of the world. It is not a very old thing. In November last year, Afghanistan and Australia were face to face in the quarter finals of the ODI World Cup. Afghanistan had almost taken the match in its grasp, although Australian batsman Glenn Maxwell, despite being injured, scored a double century and led the team to victory. Exactly 8 months later, Afghanistan has avenged its defeat from Australia in the T-20 World Cup. The spirit with which the players of Afghanistan have played is an example for cricketers all over the world. The Afghan team playing in world cricket is no less than a miracle in itself. In the conditions of their country, perhaps no one can think of playing cricket, but the players of Afghanistan have shown how great their zeal and passion for cricket is. Australia, the winner of the ODI World Cup, has been registering consistent wins in the T20 World Cup as well. The Afghan team cannot be compared to the Australian team, but the way Afghanistan's batsmen, batting first in the Super-8 match of the T20 World Cup, gave Australia a target of 149 runs in 20 overs, it was believed that Australia would finish the match in 17-18 overs. Here, the Afghan bowlers have to be praised, especially the Man of the Match Gulbadin Naib, who took 4 important wickets for 20 runs in 5 overs. The contribution of bowler Naveen Ul Haq is also not less. He also took 3 wickets for 20 runs in 4 overs. On the other hand, the way Afghanistan's openers Rahmanullah Gurbaz and Ibrahim Zadran stopped Australia's deadly bowling by becoming a shield is praiseworthy. However, both scored only 118 runs till 15.5 overs, but did not let any wicket fall. Both played half-century innings. The way low scoring matches are being played on the pitches of America, the score of 148 runs was also no less. Still, it is not easy to bowl out the entire Australian team for 127 runs. However, Glenn Maxwell, who scored 201 runs in 128 balls against Afghanistan in November 2023, played a courageous innings of 59 runs in 41 balls today as well. His wicket was taken by Gulbadin Naib. Former Indian player Ajay Jadeja also has a big contribution behind the lethal team of Afghanistan. Jadeja was the mentor of the Afghan team in the ODI World Cup. There are even reports that Jadeja refused to take his remuneration. He said that if the players of the Afghanistan team perform well, that would be his fee. The Afghan players have told how is the guidance of Guru Jadeja? The way the players of Afghanistan are doing miracles one after the other in world cricket, the day is not far when this team will secure its place among the best teams in the world.



# मुरादाबाद में मालिनी अवस्थी: राजा दसरथ जी के घरवा... आज जन्मे ललनवा, लोक गायिका ने ठुमरी सुनाकर लूटी वाहवाही

मुरादाबाद- लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने मुरादाबाद के जिगर मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने ठुमरी, कजरी, सोहर, दादरा सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। जिला कृषि, विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी ( अनुगूंज ) के तहत मालिनी अवस्थी नाइट का आयोजन किया गया। राजा दसरथ जी के घरवा, आज जन्मे ललनवा...। प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने जब सोहर गीत की यह प्रस्तुति दी तो जिगर मंच का परिसर तालियों से गूंज उठा। लोगों का समर्थन मिला तो लोक गायिका ने राग भैरवी में एक और सोहर मांगे ननद रानी कंगना, ललन की बधइया सुनाया।उन्होंने ठुमरी, कजरी, सोहर, दादरा सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी ( अनुगूंज ) के गया।मालिनी अवस्थी ने सैयां मिले लरिकैया, मैं मौज मैं जमना की धारा, हो सके न मिलन ये हमारा करूंगी रसिया, ठाड़े रहियो यूं ही बांके श्याम रे आदि कि बॉलीवुड फिल्मों में तमाम गानों की धुन हमारे व बॉलीवुड के गीतों की धुन का उदाहरण देकर भी गंगा और तेरे मन की जमना का बोल राधा बोल दिए। उनकी प्रस्तुति से पहले सोशल फाउंडेशन कांठ परक नाट्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य प्रशासन गुलाब चंद, एडीएम फाइनेंस सत्यम मिश्रा, निदेशक प्रशांत कुमार, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा गुप्ता प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा, प्रदर्शनी समिति के



जिगर मंच पर रविवार को जिला कृषि, विकास, तहत मालिनी अवस्थी नाइट का आयोजन किया क्या करूं, उड़निया मोरी उड़ी उड़ी जाए, तू गंगा की तुम्हारा, सारी कमाई गंवाई रसिया, अदालत में दावा लोकगीतों का एक एक बंद सुनाया। उन्होंने कहा लोकगीतों से ली गई है। उन्होंने लोकगीतों की धन बताया। दो हंसों का जोड़ा बिछड़ गया रे, मेरे मन की संगम होगा कि नहीं समेत कई गीतों के उदाहरण भी की ओर से पराली न जलाने को लेकर जागरूकता अतिथि डीएम मानवेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि एडीएम एडीएम सिटी ज्योति सिंह मौजूद रहीं। संयुक्त कृषि तिवारी, सीएम गुप्ता एक्सपोर्ट्स के निदेशक पुनीत सदस्य अभिनव चौहान, राधे श्याम शर्मा, अतुल जौहरी, सुशील शर्मा, परवेज नाजिम, संजीव आकांक्षी, अरुण मोहन शंखधर शामिल रहे। हिंदी फिल्मों के अक्स में उत्तर प्रदेश की आत्मा - लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने कहा कि हिंदी फिल्मों के अक्स में उत्तर प्रदेश की आत्मा बसी है। गीतों में पंजाब दिखता है। उड़ें जब जब जुल्फें तेरी, जवां है मोहब्बत, हंसी है फसाना समेत कई गीतों को उत्तर प्रदेश के लोकगीतों से जोड़कर सुनाया। इस तरह के 20 से ज्यादा उदाहरण उन्होंने प्रस्तुत किए। कहा कि पुराने गीत व पुरानी धुनें 24 कैरेट खरा सोना है। आज पुराने गीतों की धुन ही नए ढंग से पेश की जा रही है। मालिनी ने सुधी श्रोताओं की पसंद के कई गीत भी सुनाए। सहायक कलाकारों में गिटार पर देवाशीष, की-बोर्ड पर सचिन, तबले पर राजेश मिश्रा, ढोलक पर अमित राज, ऑक्टो पैड पर धर्मेंद्र कुमार रहे।

# यात्रियों के लिए अच्छी खबर, मार्गदर्शी ऐप से मोबाइल पर बसों की देख सकेंगे लाइव लोकेशन

मुरादाबाद- एक शहर से दूसरे शहर जाने वाले बस यात्रियों के लिए एकअच्छी खबर है। अब यात्री मार्गदर्शी ऐप से बसों की लाइव लोकेशन देख सकेंगे। इतना ही नहीं इस ऐप से महिलाएं आपातकालीन बटन का इस्तेमाल कर कंट्रोल रूम से मदद भी ले सकेंगी। परिवहन निगम की ओर से इस ऐप का ट्रायल पूरा हो चुका है। अब जल्द ही शासन के निर्देश पर इसे शुरू किया जाएगा।रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों की मदद के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मार्गदर्शी ऐप तैयार किया है। ऐप को यात्रियों को अपने मोबाइल में प्ले स्टोर से ऐप में मोबाइल नंबर डालकर अकाउंट बनाना होगा। जिसके बाद यात्री इस ऐप का सकेंगे। ऐप पर यात्री बसों के रूट, बस समय, रूट पर चल रही बसों की लोकेशन यात्रा के दौरान महिलाओं को किसी भी तरह की समस्या आती है तो वह ऐप में लगे कर सहायता ले सकेंगी।प्रोजेक्ट मैनेजर चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि ऐप को प्ले स्टोर यूपीएसआरटीसी से अनुमति मिलते ही इसे चालू किया जाएगा और ऐप प्ले स्टोर में लगेगा। ऐसे काम करेगा मार्गदर्शी ऐप- मुरादाबाद परिक्षेत्र की 185 बसों को मार्गदर्शी चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि यात्रियों को यूपी मार्गदर्शी ऐप मोबाइल फोन में इंस्टाल बटन दिखेगी। बटन को 112 से जोड़ दिया गया है। इमरजेंसी बटन दबाते ही मुख्यालय एक साथ सूचना पहुंचेगी। जिसके बाद संबंधित यात्री के पास तुरंत कॉल आएगी। की समस्या का समाधान कराएंगे। जिसके बाद यात्रियों को सेवा के संबंध में पता चल सके कि समस्या का समाधान हुआ या नहीं। पीतल नगरी डिपो कार्यशाला



( यूपीएसआरसीटीसी ) ने यूपी डाउनलोड करना होगा। जिसके बाद इस्तेमाल कहीं भी और कभी कर आदि की जानकारी प्राप्त होगी। यदि डिजिटल इमरजेंसी बटन का इस्तेमाल से जोड़ दिया गया है। यूपी मार्गदर्शी ऐप के नाम से दिखने ऐप से जोड़ा गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर करना होगा। ऐप में डिजिटल इमरजेंसी और परिक्षेत्र में बने कंट्रोल रूम को कंट्रोल रूम में बैठे कर्मचारी यात्रियों फीडबैक देना होगा। जिससे विभाग को से होगी निगरानी- मुरादाबाद परिक्षेत्र की सभी बसों की निगरानी पीतल नगरी डिपो स्थित कार्यशाला में बने कंट्रोल रूम से की जाएगी। कंट्रोल रूम में तीन टीमें काम करेंगी। कंट्रोल रूम 24 घंटे चालू रहेगा। कंट्रोल रूम में एमआईएस ( मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सिस्टम ) के माध्यम से बसों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। प्रोजेक्ट मैनेजर चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम से ऑनलाइन पता चल जाएगा कि बस कितने किलोमीटर चली है। बसें रूट पर बने बस स्टॉप पर रुक रही हैं या नहीं। बसें कितनी स्पीड से चल रही हैं।

# महानगर में वाहन पार्किंग का पर्याप्त प्रबंध न होने से बढ़ी जाम की समस्या

मुरादाबाद- महानगर की सड़कों पर आए दिन का जाम लोगों की दिनचर्या पर भारी पड़ रहा है। इसकी मुख्य वजह वाहनों की गति पर अंकुश न लगना और महानगर में पार्किंग का पर्याप्त प्रबंध न होना है। पार्किंग न होने से सड़क पर जहां तहां बेतरतीब तरीके से वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिससे सड़क पर जगह न होने से जाम लग रहा है। सोमवार को महानगर में जाम के चलते प्रमुख सड़कों पर स्थिति दयनीय हो जाती है। काफी देर तक लोग जाम में फंसने से अपने कार्यस्थल पर समय से नहीं पहुंच पाते हैं। महानगर की सड़कों पर आए दिन जाम लगना आम समस्या हो गई है। कोर्ट रोड, डिप्टीगंज, सिविल लाइंस, टाउनहाल, बुध बाजार, दिल्ली रोड, स्टेशन रोड, कांठ रोड पर हरथला के पास अक्सर जाम लगता है। इसकी वजह महानगर में पार्किंग प्रबंध की कमी है। नगर निगम की ओर से वाहनों को खड़ा करने के लिए पांच पार्किंग बनाने की पहल चल रही है, लेकिन अभी तक एक भी पूरी नहीं हो पाई। सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए नगर निगम की ओर से टाउनहाल, रामगंगा विहार सहित पांच स्थान पर पार्किंग निर्माण में तेजी लाने का निर्देश महापौर विनोद अग्रवाल ने 20 जून को पीलीकोठी स्थित अपने शिविर कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक में दिया था। उन्होंने मल्टीस्टोरी पार्किंग बनाने के लिए भी कहा था। जहां अधिक संख्या में वाहन खड़े हो सकें। दुकानों के आगे अतिक्रमण भी कारण- महानगर में मकानों व दुकानों



के आगे और नाले पर अतिक्रमण से भी जाम लगता है। सड़क का दायरा कम होने से वाहनों की आवाजाही में दिक्कत होती है। महापौर के अलावा नगर आयुक्त ने भी निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों को सड़क, नाले पर अतिक्रमण न होने पाए इसके लिए अभियान के दौरान कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके क्रम में अभी ऐसी चिह्नित जगहों पर जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी रहेगी। बेहिसाब ई-रिक्शा बन रहे मुसीबत- महानगर की सड़कों पर क्षमता से अधिक लोड फैक्टर भी जाम की एक प्रमुख वजह है। हर सड़क पर सैकड़ों की संख्या में ई वाहन मनमाने तरीके से संचालित होते हैं। जबकि यातायात पुलिस ने महानगर को आठ जोन में बांटकर ई-रिक्शा संचालन के लिए नियम तय कर दिए है। फिर भी 20000 से अधिक ई-रिक्शा सड़कों पर राहगीरों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। महापौर ने इनके मनमाने संचालन पर भी अंकुश लगाने के लिए कहा है। जिससे जाम से निजात मिल सके। उन्होंने ई रिक्शा संचालन के लिए यातायात पुलिस से मिलकर व्यवस्था बनाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों से कहा है।

**नगर निगम की ओर से पांच स्थानों पर पार्किंग निर्माण में सुस्ती पड़ रही भारी, 20 जून को नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में टाउनहाल सहित पांच स्थानों पर पार्किंग निर्माण जल्द कराने का महापौर ने दिया था निर्देश**

## संक्षिप्त समाचार

# बेखौफ वाहन चालक तोड़ रहे यातायात नियम, पुलिस बेफिक्र

मुरादाबाद- महानगर की प्रमुख सड़कों पर वाहन चालक बेखौफ होकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। बाइक सवार बगैर हेलमेट के ट्रिपल राइडिंग के साथ ट्रैफिक पुलिस के सामने से ओवरस्पीड में निकल जाते हैं। पुलिसकर्मी बेफिक्र होकर सड़क किनारे खड़े रहते हैं। वहीं ई-रिक्शा के कारण शहर में जाम लगने से



समस्या बढ़ रही है। पुलिस प्रशासन की यातायात जागरूकता इससे विफल हो रही है।यातायात पुलिस की टीमें नियमों का पालन कराने के लिए यातायात सप्ताह के माध्यम से लगातार लोगों को जागरूक कर रही हैं। लेकिन, महानगर में वाहन चालकों पर जागरूकता का असर कम ही दिख रहा है। प्रमुख सड़कों पर वाहन चालक बिना सीट बेल्ट व बगैर हेलमेट के मोबाइल पर बात करते हुए निकल जाते हैं। इसकी वजह से आएं दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ई-रिक्शा चालकों के लिए शहर में आठ जोन निर्धारित किए हैं। जिसमें सभी चालकों को जोन के अंदर ही चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद भी ई-रिक्शा चालक अपना जोन छोड़कर दूसरे में घुस जाते हैं। क्षमता से अधिक वाहनों की संख्या से जाम लग रहा है। लेकिन, यातायात पुलिस गंभीरता नहीं दिखा रही है।यातायात के नियम -कार चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। निर्धारित गति पर वाहन चलाएं। शराब पीकर या फोन पर बात करते समय वाहन न चलाएं। बाइक पर दो लोगों से ज्यादा न बैठे, दोनों को हेलमेट जरूरी है। यातायात जागरूकता को लेकर शहर में जगह-जगह कैंप लाए जा रहे हैं। लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। नियमों के उल्लघंन पर वाहन चालकों के चालान किए जा रहे हैं। वहीं सभी जोन में ई-रिक्शा की अधिक संख्या को लेकर भी कार्रवाई जारी है।- सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी यातायात

## नौकरी के पहले दिन डिवाइडर से टकराई बाइक, सिक्योरिटी गार्ड की चली गई जान, परिवार में मचा कोहराम

मुरादाबाद- मुरादाबाद के पंडित नगला बाईपास पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें एक सिक्योरिटी गार्ड में जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब वह नौकरी के पहले दिन खाना खाने घर जा रहा था। पंडित नगला बाइपास स्थित डिवाइडर से बाइक सवार प्रियांशु चौधरी ( 18 ) टकरा गया। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। युवक सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के पहले दिन घर खाना खाने के लिए आ रहा था।कुंदरकी थाने के मलीपुर महमूदानगला गांव निवासी प्रियांशु चौधरी ( 18 ) के पिता की दस साल पहले मौत हो गई थी।

खेती की जमीन कम होने के कारण प्रियांशु की मां सविता चौधरी इकलौते बेटे को लेकर छह साल से गोविंदनगर में किराए का मकान लेकर रहने लगीं।प्रियांशु की बड़ी बहन आरजू की शादी हो चुकी है। चाचा सुखवीर चौधरी ने बताया कि दो दिन पहले ही प्रियांशु को सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड की नौकरी मिली थी। नौकरी के पहले दिन शनिवार की रात 11=30 बजे वह ड्यूटी से घर खाना खाने के लिए बाइक से लौट रहा था। पंडित नगला बाइपास स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। रेलवे फाटक के दोनों तरफ सड़क पर बोल्डर जैसे डिवाइडर रखे हुए हैं। बाइक डिवाइडर से टकरा गई। पत्थर से प्रियांशु का सिर टकराने के बाद वह बेहोश होकर गिर पड़ा। उसने हेलमेट नहीं लगाया था। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया, जहां उसकी मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से मां सदमे में है। थाना प्रभारी संजय कुमार पांचाल ने बताया कि बाइक डिवाइडर से टकराई है। परिजनों के तहरीर देने पर दुर्घटना की जांच की जाएगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बवाल के दौरान बीडीए की जमीन का भी हुआ नुकसान, बवालियों से होगी भरपाई

बरेली में पीलीभीत-बाइपास के किनारे प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुए बवाल से बीडीए की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है। अब इस नुकसान की भरपाई बवालियों से करने की तैयारी है। बीडीए ने



इसकी जांच शुरू कर दी है। बरेली में पीलीभीत-बाइपास के किनारे प्लॉट पर कब्जे को लेकर प्रॉपर्टी डीलर राजीव राणा और आदित्य उपाध्याय गुटों ने जमकर बवाल किया था। घटनास्थल से सटी हुई बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) की जमीन का भी नुकसान हुआ है। अब इसकी बवालियों से भरपाई करने के लिए विकास प्राधिकरण ने भी पैमाइश शुरू कर दी है। बीडीए के अधिकारियों के मुताबिक बाउंड्रीवॉल के अलावा भी काफी नुकसान हुआ है। इसको लेकर ही सोमवार को प्राधिकरण की टीम और तहसील के लेखपालों ने मौका मुआयना किया है।शनिवार सुबह को पीलीभीत बाईपास रोड पर प्लॉट पर कब्जे को लेकर एक घंटे तक ताबड़तोड़ फायरिंग की हुई थी। इसके साथ ही आगजनी भी हुई थी। बुलडोजर से पड़ोस में ही सटी हुई बीडीए के एक प्लॉट की बाउंड्रीवॉल भी तोड़ दी गई थी। इस पूरे मामले में सोमवार को प्राधिकरण व लेखपालों की टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। इसके साथ ही जमीन की पैमाइश की गई और बीडीए की जमीन पर कितना नुकसान बवालियों ने पहुंचाया है। इसका भी आंकलन लगाया गया है। इस पूरे प्रकरण में बीडीए अब बवाल करने वाले दोनों गुटों से ही इसकी वसूली करने की तैयारी कर रहा है। जमीन को लेकर भी होगी जांच - दरअसल जिस प्लॉट को लेकर पूरा विवाद खड़ा हुआ है, इसको लेकर कई बातें सामने आई हैं कि विवादित भूमि भी बीडीए की है। ऐसे में अब अधिकारियों ने प्रशासन के आदेश पर विवादित भूमि में बीडीए की कितनी भूमि है इसको लेकर भी जांच शुरू हो गई है। बीडीए ने अपनी पूरी जमीन की पैमाइश कराई है। बीडीए सचिव योगेंद्र कुमार ने बताया कि इंजीनियर और लेखपाल की टीमों ने जमीन का मौका मुआयना किया है। बवाल के दौरान बाउंड्रीवॉल को भी नुकसान पहुंचा है, इसको लेकर रिपोर्ट बनाई जा रही है। ऐसे में बीडीए का जितना भी नुकसान हुआ होगा, उसकी भरपाई भी बीडीए करेगा।

# जौनपुर में पांच की मौत: धक्के से सड़क पर गिरे लोग, ऊपर चढ़ गया डंपर, मची चीख-पुकार; एक ही बाइक पर सवार थे सभी

जौनपुर के मीरगंज क्षेत्र के चौकीखुर्द गांव से बरात में गए हुए एक ही परिवार के पांच लोगों की बाइक से लौटते समय डंपर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा प्रयागराज जिले के सरायममरेज थाना क्षेत्र के रस्तीपुर गांव में हुआ। सभी एक ही बाइक पर सवार थे। प्रयागराज पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेते हुए ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। हादसे के बाद बाइक से सभी सड़क पर गिर गए, जिससे उनकी डंपर के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे



सरायममरेज पुलिस ने मृतक के शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, चौकीखुर्द गांव निवासी विकास कुमार (19) पुत्र बल्ली बनवासी बुढ़िया के इनारा से हंडिया बारात गया था। वहां से वह बरात से लौटने के बाद बाइक से घर चौकीखुर्द लौट रहा था।उसके साथ बाइक पर जनता देवी (34) पत्नी नमकीन बनवासी, लक्ष्मी (8) पुत्री नमकीन, दीवाना (7) पुत्र नमकीन व नमकीन की नानी सम्मरी (60) पत्नी देवकी सवार हो गए। पांचों एक ही बाइक से घर चौकीखुर्द के लिए लौट रहे थे। जैसे हब्वे सराय ममरेज थाना क्षेत्र के रस्तीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रही डंपर की चपेट में आ गए। सड़क से गुजर रहे लोग हादसा देख हैरान रह गए। थानाध्यक्ष सरायममरेज योगेश प्रताप ने बताया कि मृतक के शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाएगी योगी सरकार, जाली पेपर के भय से मिलेगी मुक्ति

यूपी सरकार ने सुरक्षित ई-स्टाम्प के बिक्री की तैयारी कर ली है जिससे जाली स्टाम्प पेपर के भय से पूरी तरह से मुक्ति मिलेगी। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प पेपर के जरिए योगी सरकार शुरुआत करेगी।योगी सरकार प्रदेश में ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है। इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन प्रमाणन के बाद पर्सनलाइज्ड करके उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के भय से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है।होंगे विशेष सिक्योरिटी फीचर्स- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपए से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं। इसमें 1-डी बार कोड, स्टैटिक लाइन, एसडी अमाउंट, स्टैटिक एसडी अमाउंट, टेक्स्ट थ्रेड, एएसवाईएम सर्टिफिकेट आईडी, खरीददार का नाम, सिंगल लेयर लोगो, टेक्स्ट थ्रेड डेट, टेक्स्ट रिबन और बीजी का उपयोग किया गया है। इसके जरिए जाली स्टाम्प बनाना असंभव हो जाएगा।छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प की रहती है सबसे अधिक मांग- बता दें कि 10 रुपए के स्टाम्प पेपर के मुद्रण में तकरीबन 16 रुपए का खर्च आता है। इसमें कानपुर डिपो से उसके परिवहन की लागत भी शामिल है। छोटे मूल्य के स्टाम्प का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक होता है। शपथ पत्र, विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं, विद्यालय, महाविद्यालय में प्रवेश के वक्त, सेवायोजन में और लोक शिकायतों में छोटे मूल्य के स्टाम्प पेपर इस्तेमाल में लाए जाते हैं। 2023-24 के आंकड़ों पर गौर करें तो 100 रुपए से अधिक मूल्य के 47 लाख से अधिक ई-स्टाम्प जारी किये गये, वहीं 100 रुपए से कम मूल्य के 2 करोड़ 56 लाख से अधिक ई-स्टाम्प पेपर जारी किये जा चुके हैं। माना जाता है कि छोटे मूल्य के स्टाम्प पर आनुपातिक कमीशन कम होता है, ऐसे में अक्सर ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि कुछ वेंडर छोटे मूल्य के स्टाम्प की कृत्रिम किल्लत बताकर कालाबाजारी का भी प्रयास करते हैं। अब छोटे मूल्य के सुरक्षित ई-स्टाम्प की उपलब्धता के बाद इस प्रकार की परेशानियों से भी निजात मिलेगी।



# जहां गूंजनी थी किलकारी... वहां सुनाई दीं चीखें, बेटे और बहू की मौत से सदमे में आई मां

मुरादाबाद के लोधीपुर राजपूत गांव के पास गलत दिशा से आ रहे डंपर ने बाइक सवारों को रौंद दिया। इसमें दंपती की मौत हो गई। दोनों की शादी एक साल पहले हुई थी। परिजनों के अनुसार हिमाशी आठ माह की गर्भवती थी। लोधीपुर राजपूत गांव के पास ओवरब्रिज पर गलत दिशा से आ रहे डंपर ने बाइक सवार दंपती को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल योगेश (22) और उसकी पत्नी हिमांशी (21) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पीछा कर डंपर चालक को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।सड़क हादसे में जान गंवाने वाले गांव मोहनपुर निवासी भट्ठा मजदूर योगेश प्रजापति की हिमांशी से एक साल पहले 10 जून 2023 को शादी हुई थी। बताते हैं कि हिमांशी आठ माह की गर्भवती थी। परिवार में जल्द की शिशु की किलकारी भी गूंजने वाली थी, लेकिन हादसे के बाद चीखें गूंजने लगींसाथ ही दुनिया आने से पहले ही मां बाप के साथ शिशु ने भी मां के पेट में ही जान गंवा दी। रविवार की सुबह योगेश पत्नी हिमांशी के साथ बाइक से अपनी सुसराल ग्राम मालपुर मिलक थाना असमौली जिला संभल जा रहा था। दोपहर एक बजे नेशनल हाईवे पर लोधीपुर राजपूत गांव के पास ओवरब्रिज पर बाइक सवार दंपती को गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया। आसपास के लोगों ने हादसे के बाद भाग रहे डंपर चालक को घेरकर पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। रविवार की शाम को पोस्टमार्टम के बाद जब मुरादाबाद से दंपती के शव ग्राम मोहनपुर पहुंचे तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोधीपुर राजपूत गांव के लोगों का कहना था कि काल की तरह डंपर गलत दिशा में चालक चला रहा था। गलत दिशा में चलने वाले डंपरों ने कई लोगों की जान ली है। छ माह पहले ही एक किसान की मौत होने के बाद लोगों ने हाईवे पर जाम लगाया था। पुलिस ने जैसे तैसे इस जाम को खुलवाया था। गलत दिशा से आने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन मिला था। यातायात पुलिस की लापरवाही के चलते फिर डंपर चलने लगे हैं। डंपरों पर पुलिस लगाम लगाने की जगह लापरवाही बरत रही है। लोधीपुर राजपूत गांव के अमरजीत सिंह, चमन सिंह ने बताया खनिज लेकर डंपर करीब ढाई किलोमीटर तक गलत दिशा में चलता रहा। ओवरब्रिज पर जब यह डंपर गलत दिशा में चढ़ रहा था तभी बाइक सवार दंपती को उसने रौंद दिया। ग्रामीणों ने हादसे के लिए जिम्मेदारों पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। बेटे-बहू की मौत से सदमे में मां - हादसे से योगेश की मां हरकली सदमे में हैं। बेटे और बहू की मौत की जानकारी मिलने के बाद से बार-बार बेसुध हो रही हैं। अब परिवार में एक छोटा बेटा वीरपाल सिंह रह गया है, जबकि एक बेटी चमनवती है, जिसकी शादी हो गई है। परिवार की महिलाएं हरकली को ढांढस बंधाती नजर आईं। रविवार शाम जब दो अर्थियां एक साथ घर से उठीं तो सभी की आंखें नम हो गईं। गमगीन माहौल में शवों का अंतिम संस्कार किया गया।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# भीषण सड़क हादसा, रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली।उत्तर प्रदेश के शामली में आज दोपहर हुए एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। बताया गया कि कैराना थानाक्षेत्र में रोडवेज बस के बाइक में टक्कर मारने से हादसा हुआ। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हुई है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस द्वारा तीनों शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। तीनों ही कैराना के रहने वाले थे। सोमवार दोपहर करीब 12=30 बजे शामली रोड पर बायपास फ्लाई ओवर के नीचे तेज गति से जा रही बस ने विपरीत दिशा से आ रही बुलेट बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक बस को लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने तीनों का मृत घोषित कर दिया। बाद में एक मृतक के चाचा ने अस्पताल पहुंच कर बताया कि मरने वाला उसका भतीजा सारिक( 19 ) है। बताया गया कि सारिक अविवाहित था और दो भाइयों में बड़ा था। सारिक के पिता की भी करीब पांच वर्ष पहले मौत हो गई थी। इसके अलावा मरने वालों में एक का नाम आसिफ पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला इकरामपुरा और दूसरे का नाम आसिफ पुत्र शाहिद निवासी मोहल्ला इकरामपुरा बताया गया। सूचना पर सीओ अमरदीप मौर्य सरकारी अस्पताल पहुंचे तथा जानकारी ली।

# संभल सांसद बर्क की स्कार्पियो ने बाइक सवार को रौंदा, युवक ने मौके पर तोड़ा दम, अज्ञात चालक के खिलाफ केस

संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की तेज रफ्तार स्कार्पियों ने बाइक सवार को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




आरोपी अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। नखासा थाना क्षेत्र में संभल-हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी के निकट सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की तेज रफ्तार स्कार्पियों ने बाइक सवार गौरव (28) निवासी अल्लीपुर को रौंद दिया। हादसे में गौरव की मौत हो गई। पुलिस ने कार और उसके चालक को कब्जे में लिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।तहरीर के आधार पर रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई है। गौरव के भाई कोसिंदर ने बताया कि गौरव की तीन लड़कियां हैं। अभी एक सप्ताह पहले ही बेटे का जन्म हुआ था। इसी की खुशी में चमरौआ में दोस्त के यहां मिठाई देने गया था। देर रात वह वापस लौट रहा था।संभल-हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी पहुंचते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। स्कार्पियों संभल से सांसद जियाउर्रहमान बर्क की थी। हादसे के बाद गौरव की मौके पर मौत हो गई। फोन पर सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कार और चालक को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवक अपने पीछे पत्नी व चार बच्चों को छोड़ गया है। सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर स्कार्पियों के नंबर और अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई

क्यूँ न लिखूँ सच -हारून बख्श

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद मे आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने समस्त समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ महारानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि अगर व्यक्ति में हिम्मत और साहस है तो वह बड़ी से बड़ी सेना के सामने अपने साहस और पराक्रम से विरोधियों को पस्त कर सकता है और यह बात महारानी दुर्गावती से बेहतर कौन समझा सकता है । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचकर उसके दुख सुख में साथ रहती है। इस अवसर पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, पूर्व राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी जितेंद्र यादव सिरौली,जिला सचिव निजाम अंसारी,शिव शंकर शर्मा, रामपाल सिंह यादव, हरिओम सिंह ,विमलेश शर्मा, नंदकिशोर दुबे, मुजीबुल हसन, मसरूर खां, प्रेम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने दी।



# कानपुर समेत यूपी के कई शहरों में तीन दिनों में आंधी और झमाझम बारिश के आसार

कानपुर समेत आसपास के शहरों में अगले तीन दिनों में मानसूनी बारिश के आसार हैं। दिन का तापमान अभी 40 डिग्री तक रहेगा। अगले 48 घंटे में प्री मानसूनी बारिश सुबह और शाम के समय ही होने की संभावना है। कानपुर सहित बुंदेलखंड व प्रदेश के दूसरे जिलों में भी मानसूनी बारिश का सिलसिला इसी बीच शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग की मानें तो यूपी के कानपुर समेत आसपास के शहरों में तीन दिनों में झमाझम बारिश के आसार हैं। कानपुर समेत आसपास के शहरों में अगले तीन दिनों में मानसूनी बारिश के आसार हैं। दिन का तापमान अभी 40 डिग्री तक रहेगा। अगले 48 घंटे में प्री मानसूनी बारिश सुबह और शाम के समय ही होने की संभावना है। कानपुर सहित बुंदेलखंड व प्रदेश के दूसरे जिलों में भी मानसूनी बारिश का सिलसिला इसी बीच शुरू हो जाएगा।सीएसए के मौसम विभाग प्रमुख डॉ. एसएन सुनील पांडेय के अनुसार जून के इस आखिरी सप्ताह से लेकर सितंबर महीने तक मानसून की अच्छी बारिश होने की संभावना है। इस बीच ला निना और अल निनो का प्रभाव भी पूरी तरह से खत्म हो गया है। ऐसे में इस बार भारी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। गंगा और दूसरी नदियों के तराई वाले क्षेत्रों में आंधी के साथ बारिश की संभावना है। डॉ. पांडेय ने बताया कि दिन में उत्तर पश्चिमी हवाएं बहुत धीमी गति से चल रही हैं। इसकी वजह से अगले दो दिनों तक दोपहर में तेज धूप बनी रहेगी लेकिन मानसूनी बारिश के साथ धीरे-धीरे तेज धूप धीमी पड़ती जाएगी।



आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9277776991

# प्रयागराज में बड़ा हादसा, डंपर ने बाइक को मारी टक्कर; एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

प्रयागराज के सरायममरेज इलाके में बड़ा हादसा हुआ है। शादी समारोह से लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह सभी एक ही बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे।उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार, हादसा सरायममरेज थाना इलाके के रस्तीपुर पेट्रोल पंप के पास हुआ। एक डंपर ने बाइक को रौंद डाला। हादसे में बाइक सवार पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह करीब छह बजे हुआ। हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। जिसमें दो बेटों समेत मां भी शामिल है। सरायममरेज थाना इलाके के रस्तीपुर पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब छह बजे डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी। बाइक पर आठ माह की बच्ची समेत पांच लोग सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी की छिटककर सभी दूर जा गिरे और मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में विकास ( 25 ) पुत्र बल्ली, सुम्मरी ( 60 ) पत्नी देवकी, जनता ( 34 ) पत्नी नमकीन, दीवाना ( 7 ) पुत्र नमकीन, लक्ष्मी ( 8 माह ) पुत्री नमकीन की मौत हो गई। यह सभी जौनपुर जनपद के थाना मीरगंज क्षेत्र के चौकी खुर्द इलाके के रहने वाले थे।बरात से घर लौटते समय हुआ हादसा जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के चौकी खुर्द गांव के रहने वाले यह लोग रविवार को रिश्तेदारी में गए थे। वहां से बरात में हंडिया चले गए। बरात लौटने पर पांचों लोग एक बाइक से वापस घर चौकीखुर्द स्थित घर आ रहे थे। जैसे ही सरायममरेज के रस्तीपुर स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे सामने से आ रहे डंपर ने कुचल दिया। सभी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मचा कोहराम-हादसे की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। यह समाचार गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में लोग घर पर पहुंच गए। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



# शास्त्री सेतु का फुटपाथ क्षतिग्रस्त, रोका गया आवागमन; छह महीने पहले मरम्मत कर तैयार हुआ था पुल

मिर्जापुर जिले को प्रयागराज- भदोही और वाराणसी से जोड़ने वाला शास्त्री सेतु ट्रक से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे आनन- फानन आवागमन प्रतिबंधित किया गया। अब अगले आदेश तक प्रतिबंध रहेगा। मिर्जापुर नगर को प्रयागराज-भदोही और वाराणसी से जोड़ने वाला एकमात्र शास्त्री सेतु रविवार की रात को ट्रक से क्षतिग्रस्त हो गया। रात में ओवरलोड बालू लेकर जा रहा ट्रक सड़क छोड़कर फुटपाथ पर चढ़ गया। इससे फुटपाथ टूटकर गंगा नदी में समा गया। अब ऊपर से नीचे गंगा नदी साफ-साफ दिखाई दे रही है। रात में किसी तरह ट्रक को निकाला गया। संयोग था कि ट्रक आगे नहीं गया। नहीं तो पुल से नीचे गिर जाता। छह महीने पहले हुआ था पुल का मरम्मत- पुल छह महीने पहले ही मरम्मत होकर चालू हुआ है। मरम्मत के नाम पर वर्ष 2020 में आठ करोड़, 2021-22 में 5.64 करोड़ और 2023 में 7.48 करोड़ रुपये खर्च हो चुका हैं। किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सोमवार की दोपहर एसडीएम सदर क्षतिग्रस्त पुल की जांच करने पहुंचे। पुल का फुटपाथ टूट जाने पर फौरी तौर पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुल पर हर प्रकार के आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। संबंधित विभाग द्वारा रिपोर्ट देने के बाद ही पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो सकेगा।




## संक्षिप्त समाचार

# प्रेमिका संग मिलकर पत्नी की अलीगढ़ में हत्या

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ एटा के अवागढ़ थाना क्षेत्र की महिला की उसके पति ने अलीगढ़ में ले जाकर प्रेमिका संग मिलकर मारपीट कर हत्या कर दी। इसके बाद वह शव को एंबुलेंस में रखकर घर ले आया। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मेडिकल कालेज भिजवा दिया। भाई का कहना है कि उसकी बहन को एक माह पूर्व साजिश के तहत बहनोई घर से बुलाकर ले गया था। शनिवार सुबह फिरोजाबाद के नारखी थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी सिधारी निवासी योगेश कुमार ने अवागढ़ थाना पुलिस को बताया कि बरई कल्याणपुर निवासी रोहित उर्फ गुड्डू ने उसकी 35 वर्षीय बहन ममता देवी की अलीगढ़ में प्रेमिका छाया के संग मिलकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को एंबुलेंस में लेकर पति घर आ गया है। इस जानकारी पर अवागढ़ थाना पुलिस ग्राम बरई कल्याणपुर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कालेज भिजवा दिया। विवाहिता के भाई ने पुलिस को बताया कि बहनोई रोहित उर्फ गुड्डू एक दशक से अलीगढ़ में पीतल के कुंडे व अन्य सामान बनाने का काम करता है। उसकी बहन ममता दो बेटा और बेटी समेत यहां गांव में रह रही थी। उसकी छोटी बहन रीना भी उसके छोटे भाई महेंद्र को ब्याही है।

# दभी में ग्रह क्लेश के चलते युवक ने लगाई फांसी ,चार माह पूर्व हुई थी राहुल की शादी

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद - सोमवार की सुबह गांव दभी में एक युवक ने ग्रह क्लेश के चलते घर में फंदे से लटकर अपनी जान देदी। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे थे तभी ससुरालियों ने गांव पहुंच कर शव के अंतिम संस्कार का विरोध करते हुए हंगामा कर दिया। गांव दभी निवासी भारतसिंह यादव के राहुल व रोहित दो बेटे है। बीती 02 मार्च 2024 को दोनों को शादी थाना दादों के गांव नायभाय निवासी अनारसिंह की बेटियों के साथ हुई थी दोनो सगी बहनें हैं। इन दिनों राहुल की पत्नी रुपेश अपने मायके में थी। राहुल की मौत की सूचना पर उसके ससुरालीजन मौके पर पहुंच गए और अंतिम संस्कार का विरोध करते हुए हंगामा कर दिया।उनका कहना था कि राहुल के हिस्से में आने वाली संपत्ति को रुपेश के नाम किया जाए। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी दुलीचंद यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। और हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने राहुल की मौत का सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है।



# महिला से सामूहिक दुष्कर्म में फैसले की तारीख नियत, 29 जून को आएगा निर्णय

दिल्ली से रोडवेज बस में सवार होकर आई महिला अपनी ससुराल अकराबाद जाने के लिए ऑटो में सवार हुई। गांधी पार्क बस स्टैंड से ऑटो में लेकर चले आरोपियों ने उसके साथ नानऊ-पिलखना रोड पर एकांत में दुष्कर्म व लूट को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपी पर्स में रखी

नकदी व मोबाइल लूट ले गए थे। दिल्ली से अकराबाद जाते समय महिला से ऑटो में हुए सामूहिक दुष्कर्म व लूट की घटना में सभी की गवाही व बहस पूरी होने के बाद निर्णय की तारीख नियत कर दी गई है। अब मामले में अदालत ने निर्णय के लिए 29 जून तारीख नियत की है। इस मुकदमे का ट्रायल एडीजे फास्ट ट्रैक प्रथम की अदालत में चल रहा है। ये घटना 14 अप्रैल 2022 की देर शाम की है। दिल्ली से रोडवेज बस में सवार होकर आई महिला अपनी ससुराल अकराबाद जाने के लिए ऑटो में सवार हुई।

गांधी पार्क बस स्टैंड से ऑटो में लेकर चले आरोपियों ने उसके साथ नानऊ-पिलखना रोड पर एकांत में दुष्कर्म व लूट को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपी पर्स में रखी नकदी व मोबाइल लूट ले गए थे। इस घटना में पुलिस ने एक आरोपी यूसुफ उर्फ रिहान निवासी रजा नगर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। वहीं अन्य दो आरोपी आजाद निवासी गली नंबर एक जीवनगढ़ व एक अन्य नाबालिग बाद में गिरफ्तार हुए थे। इस मुकदमे का ट्रायल अदालत में जारी है। ट्रायल के दौरान अब तक सभी गवाही पूरी हो गई हैं और शुक्रवार को बहस भी हो गई। एडीजीसी केएम जौहरी ने बताया कि मामले में बहस होने के बाद अब निर्णय के लिए 29 जून की तारीख नियत की गई है।

# रशियन गर्ल के डांस ने कराया बवाल: नाइट क्लब में बाउंसर्स की दबंगई, ग्राहकों को पीटा; पुलिस ने बंद कराया क्लब

ताजनगरी फेज-2 में स्थित जोरो क्लब में रशियन डांस के दौरान हंगामा हो गया। बाउंसर्स ने यहां ग्राहकों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस पूरी घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। आगरा के फतेहाबाद रोड पर जोरो नाइट क्लब में शनिवार रात बाउंसर्स की दबंगई सामने आई। बाउंसर्स ने रशियन डांस देखने के दौरान कुछ ग्राहकों को

पीटा, इस पर रातभर हंगामा चला। सुबह वीडियो थाने की पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर केस दर्ज गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।फतेहाबाद रोड शनिवार रात करीब 2 बजे स्टेज पर रशियन पर डांस करने पहुंच गए। इस पर कहासुनी होने बताया और उनके बाउंसर्स युवा ग्राहकों को पीटने रातभर हंगामा चला। बाउंसर्स की दबंगई देख सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो मामला पुलिस ने नाइट क्लब में ग्राहकों से मारपीट के कागारौल निवासी सतपाल, हरियाणा के गिरफ्तार किया। एसीपी सदर पीयूष कांत राय उन्हें जेल भेजा है।प्रतिबंध के बावजूद चल रहा कॉलोनी है। जहां 100 से अधिक परिवार रहते नाइट क्लब में तेज म्यूजिक बजता है। ध्वनि के अनुसार किसी भी क्लब में हुक्का बार क्लब में हुक्का चलता है। रशियन बालाएं अश्लील गांजा से लेकर देह व्यापार का धंधा- क्षेत्रीय के आसपास 12 से 15 नाइट क्लब हैं। इनमें व्यापार का भी धंधा हो रहा है। देह व्यापार में




सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ताजगंज किया। क्लब मैनेजर सहित चार लोगों को स्थित ताजनगरी फेज-2 में जोरो नाइट क्लब है। युवतियां डांस कर रही थीं। कुछ युवा ग्राहक स्टेज लगी। क्लब के लोगों ने युवकों को नशे में धुत लगे। कुर्सी फेंके जाने लगे और उत्पात होने लगा। कई ग्राहक सहम गए। सुबह पिटाई के वीडियो पुलिस कमिश्नर तक पहुंचा। इसके बाद ताजगंज आरोप में डौकी निवासी बाउंसर आकाश व पंकज, पलवल निवासी क्लब मैनेजर बदल सिंह को ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर हुक्का बार- जोरा नाइट क्लब के बराबर से पंचवटी हैं। कॉलोनी वासियों ने आरोप लगाया कि रातभर प्रदूषण से वो लोग ठीक से सो नहीं पाते। पुलिस प्रतिबंधित है। आरोप लगाया गया कि जोरो नाइट डांस करती हैं, जिससे माहौल खराब हो रहा है। लोगों का आरोप है कि फतेहाबाद रोड पर ताजमहल कई जगह अवैध रूप से गांजा बिकता है। देह लिप्त देशी-विदेशी युवतियां कॉल पर उपलब्ध

कराई जाती हैं। इन्हें पुलिस, प्रशासन के अलावा राजनैतिक संरक्षण भी प्राप्त है। इससे अवैध गतिविधियों में लिप्त ऐसे क्लबों पर कार्रवाई नहीं होती। पुलिस ने बंद कराया क्लब- पंचवटी चौराहा स्थित पदम हाई स्ट्रीट के छठवें तल पर संचालित जोरा नाइट क्लब को बवाल के बाद रात में पुलिस ने बंद करा दिया। क्लब खोलने पर रोक लगा दी गई है। यह क्लब तीन महीने पहले ही खुला था। क्लब में अवैध रूप से हुक्का और शराब परोसी जाती थी। क्लब के लिए पुलिस, अग्निशमन व अन्य विभागों से एनओसी लेनी पड़ती है।एक दिन का लिया था अस्थायी लाइसेंस- जोरो नाइट क्लब में बार का स्थायी लाइसेंस नहीं था। ग्राहकों को शराब परोसने के लिए एक दिन का अस्थायी लाइसेंस लिया जाता था। जिला आबकारी अधिकारी नीरज द्विवेदी ने बताया कि शनिवार रात को 11 हजार रुपये का एक दिन का अस्थायी शराब पिलाने का नाइट क्लब ने लाइसेंस लिया था। द ग्रैंड सेलिब्रेशन रिसॉर्ट हुआ सील- दयालबाग स्थित द ग्रैंड सेलिब्रेशन रिसॉर्ट में डिनर व पूल पार्टी के दौरान महिलाओं से छेड़छाड़ और मारपीट होने पर बृहस्पतिवार रात बवाल हुआ था। रिसॉर्ट का मानचित्र स्वीकृत नहीं था। एडीए ने शनिवार को रिसॉर्ट को सील किया। उधर, महिलाओं से छेड़छाड़ मामले में पुलिस की लापरवाही पर पंजाबी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत दर्ज कराई थी।

# यूपी पुलिस का आशिक मिजाज इंस्पेक्टर निलंबित, महिला दरोगा को दिया ये ऑफर...शिकायत के बाद गिरी गाज

आगरा में तैनात यूपी पुलिस के आशिक मिजाज इंस्पेक्टर और एक एसएसआई को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने प्रशिक्षु महिला दरोगा से अश्लील हरकत की। उसे रात में कमरे पर बुलाने के लिए धमकाया था। आगरा के एत्माउद्दौला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दुर्गेश मिश्रा और



वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित प्रसाद को रविवार को डीसीपी सिटी ने निलंबित कर दिया। थाने में तैनात प्रशिक्षु महिला दरोगा ने इंस्पेक्टर पर अश्लील हरकत करने, रात में कमरे पर बुलाने और धमकाने के आरोप लगाए थे।प्रशिक्षु महिला दरोगा ने पुलिस कमिश्नर जे रविन्द्र गौड से न्याय की गुहार लगाई थी। डीसीपी सिटी सूरज कुमार ने एसीपी एत्मादपुर से जांच कराई। जांच में प्रथम दृष्ट्या आरोप सही पाए गए। इसके बाद रविवार को इंस्पेक्टर दुर्गेश मिश्रा और एसएसआई अमित प्रसाद पर कार्रवाई की गई।अनुसूचित वर्ग की प्रशिक्षु महिला दरोगा अविवाहित है। उसने मार्च में आमद कराई थी। इंस्पेक्टर के व्यवहार से आहत महिला दरोगा खुद को थाने में असुरक्षित महसूस कर रही थी। शिकायत के बाद महिला दरोगा को एत्माउद्दौला से हरीपर्वत सर्किल में स्थानांतरित किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध विभागीय जांच भी कराई जाएगी। ऐसे लोगों को जेल भेजना चाहिए- जन प्रहरी संस्था के संयोजक नरोत्तम शर्मा का कहना है कि महिला पुलिस कर्मी थाने में सुरक्षित नहीं हैं। इंस्पेक्टर, एसएसआई व चौकी इंचार्ज महिला आरक्षियों से लेकर प्रशिक्षु महिला दरोगाओं का उत्पीड़न करते हैं। कई बार लोकलाज के भय से महिला पुलिसकर्मी शिकायत दर्ज नहीं करातीं। ऐसे लोगों को जेल भेजा जाना चाहिए। तभी महिला पुलिसकर्मी खुद को सुरक्षित महसूस करेंगी।

# एंटी करप्शन टीम का छापा.. सीएमओ कार्यालय से कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार, तीन हजार की ले रहा था रिश्वत

पेशे से वकील सैदनगर निवासी ने एंटी करप्शन टीम को रिश्वत लेने की शिकायत की थी। इसके बाद टीम ने कार्रवाई कर संविदाकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। रामपुर में एंटी करप्शन टीम ने सीएमओ कार्यालय में छापा मारा। मौके पर एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से तीन हजार की नकदी बरामद की गई है। अधिकारियों के अनुसार कंप्यूटर ऑपरेटर संविदाकर्मी है।उसके खिलाफ कई दिनों से शिकायत मिल रही थी। सैदनगर के खोद निवासी गांव वजवाला निवासी कै लाश सिंह पेशे से वकील हैं। उन्होंने 19 जून को सीएमओ कार्यालय में डी फार्मा के ट्रेनिंग का लेटर बनाने के लिए आवेदन किया था।सीएमओ कार्यालय में ऑपरेटर के पद पर तैनात नवीन कुमार ने उनसे लेटर तैयार करने के एवज में 3000 रुपये की मांग की। इसकी शिकायत उन्होंने एंटी करप्शन टीम से की। सोमवार को वह नवीन कुमार को पैसे देने के लिए टीम के साथ सीएमओ कार्यालय पहुंचे। जब नवीन कुमार ने उनसे पैसे लिए तभी एंटी करप्शन टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। उसके पकड़े जाने के बाद सीएमओ कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम आरोपी नवीन को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी इससे पहले भी कई लोगों से वसूली कर चुका था।



# रोडवेज बस में खरगोश का टिकट काटने वाले परिचालक पर गिरी गाज, एआरएम ने ड्यूटी से हटाया

बरेली डिपो की रोडवेज बस में खरगोश का टिकट काटने वाले परिचालक को एआरएम ने ड्यूटी से हटा दिया है। एआरएम ने कहा कि वीडियो के मामले में भी जांच कराई जाएगी। रोडवेज बस में खरगोश का टिकट काटना परिचालक को भारी पड़ गया। बरेली डिपो के एआरएम ने जांच के बाद परिचालक को ड्यूटी से हटा दिया है। यह कार्रवाई बदायूं के पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा की शिकायत पर की गई। बदायूं कोतवाली क्षेत्र के पारस अग्रवाल शनिवार को बरेली के कुतुबखाना से खरगोश खरीदकर ला रहे थे। वह बदायूं आने के लिए बरेली डिपो की बस में बैठे थे। उन्होंने पिंजरे में बंद खरगोश को गोद में रख लिया था। इसके बावजूद परिचालक जय प्रकाश ने खरगोश के 75-75 रुपये के दो टिकट काट दिए थे। तीसरा टिकट 75 रुपये का पारस अग्रवाल का काटा था।कई यात्रियों को नहीं दिया था टिकट - आरोप है कि बस में कई और यात्री बैठे थे। कई यात्रियों से रुपये लेकर भी टिकट नहीं दिए गए थे। एक यात्री से उसके सामान के 450 रुपये ले लिए गए, पर टिकट उसे भी नहीं दिया गया था। इस मामले का वीडियो भी सामने आया। पारस अग्रवाल ने इसके बारे में पशु मित्र विकेंद्र शर्मा को बताया। उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों से इसकी शिकायत कर दी। इस पर अधिकारियों ने मामले की जांच कराई। सोमवार को बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने परिचालक जय प्रकाश को ड्यूटी से हटा दिया। एआरएम ने कहा कि वीडियो के मामले में भी जांच कराई जाएगी।



# मैनपुरी में बेटे ने किया पिता का कत्ल, सब्बल से सिर में किए प्रहार...दो बीघा जमीन बनी वजह

जमीन के लिए बेटे ने अपने ही पिता की सब्बल से प्रहार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद वो भागना चाहता था, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मैनपुरी के थाना बिछवां थाना क्षेत्र के गांव अंजनी में जमीन के विवाद में बेटे ने वृद्ध पिता की सब्बल से वार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी घर से भाग गया। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव अंजनी निवासी 60 वर्षीय देवेंद्र सिंह की उनके ही बेटे मुनेन्द्र ने हत्या कर दी। बताया गया है कि सुबह-सुबह बाप और बेटे में जमीन को लेकर विवाद हुआ। इसी बात पर मुनेन्द्र को गुस्सा आ गया। उसने घर में रखे सब्बल को उठाया और पिता के ऊपर हमला कर दिया। एक के बाद एक कर मुनेन्द्र ने पिता के सिर पर कई वार किए, जिससे वृद्ध पिता की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बेटा मौके से भाग निकला। वृद्ध की हत्या के बाद घर में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद सीओ भोगांव सुनील कुमार पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पूछताछ की, जिसमें पता चला कि दोनों के बीच विवाद जमीन को लेकर था। बताया गया है कि देवेंद्र सिंह ने अपनी करीब 6 बीघा जमीन परिवार लोगों को पहले ही दे दी थी। इसके बाद दो बीघा जमीन बेच भी दी। अब चार बीघा जमीन ही बची थी। इसको लेकर मुनेन्द्र गुस्से में था। इसी नाराजगी की चलते उसने पिता की हत्या कर दी। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# लिंग परिवर्तन कराने मेरठ मेडिकल कॉलेज पहुंची युवती, बढ़ रहे ऐसे मामले

मेरठ के एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज पहुंची एक लड़की लिंग परिवर्तन कराकर लड़का बनना चाहती है। उसका कहना है कि वह दिखती तो लड़की है, मगर मन और हाव-भाव से लड़का है। उसके लिंग परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक साल तक उसकी काउंसिलिंग और हार्मोनल इलाज चलेगा। इसके बाद उसकी सर्जरी की जाएगी। लड़की से लड़का और लड़के से लड़की बनने के लिए लिंग परिवर्तन सर्जरी कराई जा रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। मेरठ के मेडिकल कॉलेज में हाल ही में एक युवती लिंग परिवर्तन सर्जरी कराने पहुंची। मेडिकल कॉलेज में यह इस तरह का पहला मामला नहीं है। पिछले ढाई साल में यहां छह लोगों के लिंग परिवर्तन हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जन डॉ. भानु प्रताप सिंह ने बताया कि लिंग परिवर्तन के बाद यह शादी कर सकती है, पर इसके संतानोत्पत्ति नहीं हो पाएगी। लड़कियों में एक्स-एक्स क्रोमोसोम होते हैं, जबकि लड़कों में एक्सवाई क्रोमोसोम। इसमें एक्सवाई हैं, जिस वजह से इसमें लड़के के लक्षण हैं। प्रशासन से अनुमति और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर इसकी हार्मोनल दवाइयां और मनोचिकित्सक से काउंसिलिंग की जाएगी। सर्जरी से पहले शपथ पत्र भी लिया जाएगा। दवाइयों से मर्दों जैसी आवाज और दाढ़ी आएगी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों में यह सर्जरी की जाती है, उनमें जेंडर डिसमॉर्फिया या साइकलोजिकल डिसऑर्डर होता है। लड़कों में लड़कियों और लड़कियों में लड़कों जैसे लक्षण होते हैं। माता-पिता के बेटे की चाहत पूरी करने के लिए लड़की बनी लड़का -माता-पिता के लिए बेटे और चार बहनों के लिए भाई की चाह पूरी करने के लिए 20 साल की लड़की एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में लिंग पुनर्निर्धारण सर्जरी के जरिये लड़का बन गई। इस परिवार में लिंग निर्धारण कराने वाले समेत पांच लड़कियां थीं, इसलिए परिवार ने सबसे बड़ी लड़की को लड़का बनाने का निर्णय लिया था। वह शुरू से रहती भी लड़कों की तरह ही थी। जून 2022 में हुआ पश्चिम उप्र के किसी मेडिकल कॉलेज में यह पहला ऑपरेशन था। दो लड़कों को बनाया गया लड़की - साल 2022 में एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज की सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में दो लड़कों को सर्जरी कर लड़कियां बनाया गया था। लड़की बनाया गया युवक मुजफ्फरनगर जिले का 19 साल का था, जबकि दूसरा 18 साल का बिजनौर का था। ये दोनों लड़कियों की तरह ही रहते थे। इनकी पुरुष से महिला में पुनर्निर्माण सर्जरी की गई थी, जो करीब 4 घंटे चली थी। ऐसे होता है लिंग परिवर्तन- डॉ. भानु प्रताप सिंह ने बताया कि सर्जरी में बड़ी आंत का इस्तेमाल कर नई वजाइना बनाने के लिए किया जाता है। यह प्रक्रिया सिग्मॉइड वैजिनोप्लास्टी के रूप में जानी जाती है। लड़का बनाने के लिए बाएं हाथ से मोटी खाल निकालकर ऑपरेशन के बाद पतली नसों को जोड़कर लिंग रोपण किया जाता है। 40 से 50 हजार रुपये आता है खर्च- प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि इस सर्जरी और इलाज में करीब 40 से 50 हजार रुपये का खर्च आता है। निजी अस्पताल में यह सर्जरी कराने पर पांच से छह लाख रुपये खर्च आता है। मेडिकल के सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम यह करती है। मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज का मामला भी चर्चा में- इन दिनों मुजफ्फरनगर जिले का एक मामला भी चर्चा में है, जहां युवक ने जबरन लिंग परिवर्तन करने का आरोप लगाते हुए चिकित्सक समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हालांकि मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के सीएमएस का कहना है कि लिंग परिवर्तन नियमानुसार हुआ है। उनके पास इसके सुबूत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फेंक बॉयफ्रेंड मूवी की टीम फिल्म प्रमोशन के लिए प्रदेश महामंत्री भाजपा शरदेंदु तिवारी के साथ किया औपचारिक भेंट

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा फिल्म फेंक बॉयफ्रेंड के निर्देशक सैम डिसूजा ( जो कि सौरभ कौल के नाम से भी जाने जाते हैं), मुख्य अभिनेता तनिष्क शुक्ला और डी ओ पी मुकेश तिवारी ने प्रदेश महामंत्री भाजपा शरदेंदु तिवारी जी से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य फिल्म का प्रमोशन था। शरदेंदु तिवारी जी युवाओं के प्रति बहुत सकारात्मक हैं और कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में विश्वास रखते हैं। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक, डी ओ पी मुख्य अभिनेता और शरदेंदु तिवारी जी ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक पौधा भी लगाया। शरदेंदु तिवारी जी ने राष्ट्रीय स्तर पर वृक्षारोपण के महत्व पर जोर दिया और हरे-भरे वातावरण को प्रोत्साहित करने की बात कही। फेंक बॉयफ्रेंड फिल्म की टीम ने इस नेक पहल में हिस्सा लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आइए, हम सभी भी वृक्षारोपण करें और अपने पर्यावरण को हरा-भरा बनाएं।



### चारा काटने वाली मशीन की चपेट में आने से महिला गंभीर

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर


अलीगढ़ अकराबाद- सोमवार की दोपहर गांव नगला तेजा में एक महिला पशुओं के लिए चारा गोदते समय मशीन की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गई।परिजनों ने उसे उपचार के लिए अलीगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गांव नगला तेजा निवासी राजेश देवी पत्नी दीनदयाल सोमवार की दोपहर पशुओं के लिए मशीन से चारा गोद रही थी।तभी किसी तरह मशीन में उसकी साड़ी फंस गई जिसके चलते महिला मशीन की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गई।हादसा होते ही स्वजन उसे आननफानन में उपचार के लिए अलीगढ़ ले गए। जहां राजेश देवी का हालत चिंताजनक बनी हुई है।



### टहलने निकली महिला को वाहन ने कुचला, घसीटता चला गया शव, दो मासूमों को बिलखते छोड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ के अकराबाद थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव सिसरोई के पास सुबह घर से टहलने निकली एक महिला को किसी वाहन ने कुचल दिया। काफी दूर तक महिला का शव वाहन के नीचे फंसकर घसीटा चला गया। जिससे उसका शव कई भागों में कटकर सड़क पर बिखर गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव के टुकड़ों को एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव रोहिना सिंहपुर निवासी 35 वर्षीय महिला नीतू देवी पत्नी पप्पू सिंह रोजाना की भांति सुबह घर से सड़क पर टहलने निकली थी। इसी बीच सुबह करीब साढ़े पांच बजे महिला जीटी रोड स्थित गांव सिसरोई के पास से वापस लौट रही थी। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। महिला का शव वाहन के नीचे फंसकर काफी दूर तक घसीटता चला गया। उसका शरीर अलग-अलग भागों में टुकड़े-टुकड़े होकर सड़क पर बिखर गया। घटना की सूचना पर महिला के परिजन के साथ ग्रामीण विलाप करते मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल से पुलिस को सूचना दी गई। मृतका ने अपने पीछे दो बच्चों को रोते बिलखते छोड़ा है। कार्यवाहक थाना प्रभारी दुलीचंद यादव ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन की तलाश की जा रही है।



# If you use hair conditioner then keep these things in mind

Many types of problems start in the body during summer. Just as heat rash, acne and many other problems occur on the body in summer, similarly hair also starts becoming sticky in this season. If hair is not taken care of, then hair fall also starts. In such a situation, it is very important to follow a hair care routine. Hair conditioner is used to take care of hair. Mostly girls use it. Although conditioner helps in making long hair silky and shiny, but if it is not used properly then it can cause hair fall problem. Due to this, in this article we will tell you about some such things, which you have to keep in mind while using hair conditioner.



Do not apply it on the scalp - While using the conditioner, keep in mind that if you apply it on the scalp, then it can cause hair fall problem. In such a situation, use the conditioner only at a distance of 10 cm from the scalp, so that it stays away from the roots. Keep time in mind- If you wash your hair immediately after applying the conditioner, then it will not have any effect on your hair. In such a situation, always apply the conditioner for two minutes. Keep in mind that if you use the conditioner for a long time, then it can also lead to hair fall. Buy conditioner according to the hair- Many people think that if they apply more conditioner, then the hair will become shiny quickly, but it is not so. Applying too much conditioner only makes the hair lifeless. Therefore, always use it according to your hair. Keep hair type in mind- While buying a hair conditioner, always keep your hair type in mind. If you do not do this, it can harm your hair. In such a situation, always use conditioner made from natural things.

# Not dal-rice, this time prepare delicious idli with poha

The taste of South Indian food is spread all over the country. Whenever there is a mention of healthy food, people give priority to South Indian food. Especially idli and dosa are eaten by most people with great gusto. Big celebrities also like to eat dosa or idli for breakfast. It is as easy to make as it is delicious to eat. If it is made in the traditional way, then you will need urad dal and rice for it, but if you want to make instant idli, then you can prepare idli using poha. Making poha idli is also very easy, in fact it will be simpler than dal-rice idli. In such a situation, in today's article, we are going to tell you how to make delicious poha idli at home. So that you can also taste it. Ingredients to make Idli from Poha



Poha - 1 cup Semolina - 1 cup Curd - 1 cup Salt - according to taste Eno - 1 tsp Oil (for applying in the mould) Method To make Idli from Poha, first wash the Poha well and soak it in water for about 10 minutes. After this, take it out of the water and grind the Poha and make a thick paste. After preparing the Poha paste, take it in a big vessel and add semolina and curd to it. Mix this mixture well and prepare a thick batter. If it has become too thick, then mix some water in it. Keep this batter covered for 15-20 minutes, so that the semolina swells well. After 20 minutes, add salt to the batter. Now prepare the Idli steamer. Fill the steamer with water and put it on the gas, so that the water boils. Along with this, apply light oil in the Idli mould. When you have prepared the idli steamer and the water starts boiling, then add Eno to the batter and mix it well immediately. After adding Eno, the batter will start to swell. Now pour the batter in each idli mould, but keep in mind not to fill the mould completely. Now steam it for 10-15 minutes on medium flame. Check by inserting a knife or toothpick in the middle of the idli. If it comes out clean then the idli is ready. When the idli is ready, take it out and serve with sambar.

# If you want to convince your parents for a love marriage, then adopt these methods

Today, Sonakshi Sinha and her boyfriend Zaheer Iqbal are going to get married. As soon as the news of their marriage spread on social media, the news also started spreading that Sonakshi's father Shatrughan Sinha is not happy with the marriage. Many media houses also reported that he will not attend this wedding. Putting an end to these news, Shatrughan Sinha was recently seen at Zaheer's house. The rumor of Shatrughan Sinha being angry was spread only because Sonakshi and Zaheer belong to different religions. The way parents agree for marriage in films does not happen in real life. In real life, a lot of hard work has to be done to convince the mother for a love marriage. If you also want to convince your parents for a love marriage, then for this we are going to tell you some tips. Give a hint in advance - never introduce your parents to your partner immediately. First, introduce them as a good friend. When they start liking your partner, slowly give them hints about your relationship. Take them into confidence- When you are telling your parents about your relationship, first assure them that you will be happy with the boy or girl of your choice. Assure them that your choice is right and your relationship is strong. If you do this, they will trust your choice. Take help from siblings- If you have younger or elder siblings, take their help in convincing your parents. In your absence, they will ask your parents to trust your choice. When someone other than you convinces them for marriage, it will definitely make them believe in your choice. Tell them the benefits of love marriage- Tell your parents the benefits of love marriage. If there has been a love marriage in your family or of a friend, then tell your parents about it. Tell them that in a love marriage, when the partners know each other from before, it is easy to maintain this relationship for a lifetime.



# Relationship Tips: If you doubt your partner's words, then find out the truth and lie in this way, the truth will be revealed in minutes

In today's time, there is hardly any person who speaks the truth in everything. Sometimes for someone's benefit and sometimes to avoid a fight, people often resort to lies. If a lie is told for someone's benefit, then there is no harm in it, but the problem arises when someone lies repeatedly in the name of saving the relationship. In fact, it is seen every day that people lie in




the name of saving their relationship. They feel that they will not have much trouble by doing so. Especially when your partner trusts you, then there is no problem in lying, but a time comes when the relationship reaches the verge of breaking due to lying too much. If you also feel that your partner lies to you, then you can catch their lie by some gestures.Face turning pale - Often when a person lies, his face turns pale. Either the face will turn white, or the other person's face will turn red due to remorse. In such a situation, you can find out whether the other person is speaking the truth or a lie. Biting the lips-If you are asking your partner a question, and he continuously bites his lips, it means that he is lying. Actually, while lying, vibrations start occurring between the lips of most people. By noticing this, you can catch the lie. Change in voice-If any kind of change is seen in your partner's voice while answering questions, it clearly means that he is lying. Most people's voice starts faltering when they lie. Not making eye contact-Everyone makes eye contact while talking to their partner, but if the other person is answering questions by hiding his eyes from you, it clearly means that he is lying.

# Will 'Kalki 2898 AD' break all records of earnings in North America? Bumper sale of tickets continues

The much-awaited science-fiction film 'Kalki 2898 AD' starring Prabhas, Amitabh Bachchan, Kamal Haasan, Deepika Padukone and Disha Patani is ready for its theatrical release. Directed by Nag Ashwin, the film will hit the theaters on Thursday, June 27. Advance booking for the






film has been started in North America and according to distributors, it has sold more than 77 thousand tickets, making its earnings astonishing. So far, more than 77 thousand tickets of 'Kalki 2898 AD' have been sold in North America, making the film earn more than Rs 21 crore even before its release. Pratyangira Cinemas has given this information by posting on X, which reads, 'More than 77 thousand tickets have been sold in North America. Prabhas is creating a stir at the box office and in the next three days, a huge number of people are going to flock to see the Rebel Star in action.' Let us tell you that Pratyangira Cinemas is distributing the film in all languages ????in North America. Sharing another poster of Prabhas from 'Kalki 2898 AD', he said, 'Rampage in top gear. Kalki 2898 AD's total pre-sale in North America has exceeded Rs 21 crore. Prabhas' game is going to be tremendous in the coming days.' The rapid sale of tickets in North America makes it clear that the audience is very excited to see this science fiction film. In 'Kalki 2898 AD', Prabhas is playing the role of Bhairava, the incarnation of the revered Hindu god Vishnu. At the same time, Amitabh Bachchan has played the role of immortal Ashwatthama. Apart from Prabhas and Amitabh Bachchan, 'Kalki 2898 AD' stars Deepika Padukone, Kamal Haasan and Disha Patani in lead roles. It has a dystopian world. This post-apocalyptic film is inspired by Hindu scriptures and is based on the year 2898 AD. The film is produced by Vaijayanti Movies. Let us tell you that this film is one of the most expensive films made in India. Santosh Narayan has given music in the film. It will be released on Thursday, June 27 in 2D, 3D, IMAX and 4DX formats, which is going to be a great cinematic experience for the audience.

# Meet Kalki's producers Swapna and Priyanka, always, every film, we are together

The event of the film Kalki 2898 AD held in Mumbai was hosted by actor Rana Daggubati, who was on stage the entire time. Rana has been a classmate of the film's director Nag Ashwin since class one. But, behind the scenes, the entire command of this event was taken over by two young women Swapna Dutt and Priyanka Dutt. Both sisters handle the command of their father Ashwini C Dutt's film company Vaijayanti Movies. Ashwini C Dutt is the same producer whose feet Amitabh Bachchan touched in front of everyone during the event held in Mumbai for the film Kalki 2898. Swapna and Priyanka are busy day and night these days with the release of the film and in the midst of this busy time, consulting editor Pankaj Shukla had this conversation with both of them in installments. No alternative to any artist was considered - Producer Ashwini C Dutt's younger daughter Priyanka is married to the director of the film Kalki 2898 AD Nag Ashwin. Swapna and Priyanka both have their own different thoughts about cinema but when they work together, they look like two sides of the same stream. Swapna says, “This film is a dream that every person associated with this film has been living for the last five years. Every actor has been the one and only choice for his character. No other option was ever thought of.” We make every film with all our heart.. Priyanka says, “It is important for us to have a base to tell any story. Once we get that base, then the way to tell it, the characters needed to tell it and the actors needed to play these characters on screen become our first priority. We do not pay attention to how many crores the film will cost. This is the biggest project of all our lives and whatever we do, we do it with all our heart.” Our first priority is the story- The pair of Swapna and Priyanka is also considered the most loved pair of the producers of South Cinema because they give more importance to the story than the stars. Swapna also says, “We have been successful probably because if we don't like the film before the audience likes it, we don't take the first step. We should fall in love with the story of the film and if that happens, then the result is like 'Sitaramam'.” We are together in every decision! Does Nag Ashwin help the Dutt family in other films apart from his own? When asked this, Priyanka says, “He has to. Nothing is divided between us. The three of us decide the actors for the company's films together. Sometimes we take help from father also, but whatever decisions we make, we all agree on them. We enjoy taking inclusive decisions. You can call this the secret of our success.”



# Made a mark in acting but was a failure in studies, names of many veterans are also included

There are many actors in Bollywood who have received very high level education. Some have done graduation, some have done MBA and some have studied engineering. At the same time, there are some actors who have studied very little. This list includes the names of many veteran actors and actresses. Today we will know about such actors who have studied very little.

Let's know. Alia Bhatt - Actress Alia Bhatt has and cuteness. She has done many brilliant and from both critics and fans. Alia is married to daughter Rhea Kapoor. Rhea is often seen with actress Alia Bhatt has passed 10th, after which Khan- Veteran actor and Mr. Perfectionist never fade away in the field of acting. He has career. He has millions of fans. Talking about completed 12th. After 12th, he started working on 5 August 1974 in Mumbai. She was brought has done many superhit films in her career. but lagged behind in terms of education. She According to media reports, she has studied college. Salman Khan- Bollywood's Dabangg characters in films, he maintains his Dabangg shining star in the field of acting. If we talk lagged behind here. Salman Khan studied for after which he came to Mumbai and took but according to media reports, he left college







won everyone's heart with her acting hit films. The actress has received praise Ranbir Kapoor, they also have a cute her parents. According to media reports, she left her 12th studies midway. Aamir Aamir Khan has made a name that will done one great film after another in his Aamir Khan's education, he has only in films. Kajol- Actress Kajol was born up in a middle-class family. The actress She was at the top in the field of acting started acting at the age of just 17. only till school. She never went to actor Salman Khan has played Dabangg style in real life as well. Salman is a about his education, then Bhaijaan a few years at Scindia School, Gwalior, admission in St. Xavier's College here, midway. Karisma Kapoor- Bollywood's

Kapoor family's daughter Karisma Kapoor is the worst in terms of education. Karisma, who was one of the best actresses of her time, excelled in the field of acting, but lagged behind in studies. According to media reports, she has studied only till class 5. She left her studies in class 6.